Rapid Fire करेंट अफेयर्स (22 November)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-22-11-2018

- द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने के लिये राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की ऑस्ट्रेलिया यात्रा; भारत के किसी राष्ट्रपति की ऑस्ट्रेलिया की यह पहली राजकीय यात्रा
- आपसी संबंधों को और मजबूत बनाने के लिये विदेश सचिव विजय गोखले ने किया भूटान दौरा; भूटान से मैत्री और समन्वय को सर्वोच्च वरीयता देता है भारत
- अंडमान में नॉर्थ सेंटीनल द्वीप पर रहने वाले आदिवासियों ने की अमेरिकी नागरिक की हत्या; किसी भी बाहरी व्यक्ति के द्वीप में प्रवेश पर है प्रतिबंध; संरक्षित श्रेणी में आते हैं द्वीप और वहाँ रहने वाले आदिवासी
- गुरु नानक जयंती के मौके पर केंद्र सरकार ने दी इंटरनेशनल बॉर्डर पर बनने वाले 3 किलोमीटर लंबे करतारपुर कॉरीडोर को मंजूरी; पाकिस्तान से भी किया जाएगा ऐसा ही करने का अनुरोध
- रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने इंफाल में की मणिपुर संगाई फेस्टिवल की शुरुआत; हर साल 21 से 30 नवंबर होता है इसका आयोजन; मणिपुर का राजकीय पशु है संगाई हिरण
- भूसेवा (Bhusewa) प्रोजेक्ट के तहत आंध्र प्रदेश सरकार ने लॉन्च किया 'भूधार' (Bhudhar); प्रत्येक प्लॉट और कृषि भूमि के लिये जारी की जाएगी 11 अंकों वाली यूनीक ID
- राज्यपाल सत्यपाल मालिक ने भंग की जम्मू-कश्मीर विधानसभा; जून में पीडीपी और बीजेपी सरकार गिरने के बाद भंग नहीं की गई थी विधानसभा
- राज्य विधानसभाओं और संसद में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने वाला प्रस्ताव ओडिशा विधानसभा ने किया सर्वसम्मति से पारित
- नासा ने अपना मानवरहित मार्स 2000 रोवर मिशन उतारने के लिये 3.6 अरब साल पुराने जेज़ीरो क्रेटर (Jezero Crater) को चुना
- 12वीं वर्ल्ड कांग्रेस ऑन माउंटेन मेडिसिन की काठमांडू में शुरुआत; Mountain Medicine in the Heart of Himalayas है 4 दिवसीय कांग्रेस की थीम
- नेपाल में भारतीय दूतावास और भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) ने किया काठमांडू के निकट भक्तपुर में निर्माण उपकरणों और तकनीक पर आधारित प्रदर्शनी ConMac 2018 का आयोजन
- रूसी उम्मीदवार को हराकर दक्षिण कोरिया के कोम जोंग-यांग बने इंटरपोल के नए अध्यक्ष; भ्रष्टाचार के मामले में चीन में हिरासत में चल रहे चीन के मेंग होंग वेई थे इससे पहले इंटरपोल के अध्यक्ष
- नेटफ्लिक्स की सीरीज़ 'स्ट्रेंजर थिंग्स' में काम कर चुकी 14 वर्षीय मिली बॉबी ब्राउन बनेंगी यूनिसेफ की अब तक की सबसे कम आयु की ब्रांड एम्बेसडर; बाल अधिकारों के मुद्दों पर करेंगी काम
- वैज्ञानिकों की एक अंतर्राष्ट्रीय टीम ने तलाशा विश्व के सबसे छोटे डायनासोर का फुटप्रिंट; दक्षिण कोरिया में मिला केवल एक सेंटीमीटर लंबा फुटप्रिंट लगभग 110 मिलियन वर्ष पुराना
- अमेरिकी-भारतीय छात्रा श्रुति पलानीअप्पन चुनी गईं अमेरिका में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की अंडर-ग्रेजुएट काउंसिल की अध्यक्ष

- गूगल देशभर में जारी करने जा रहा है Neighbourly App; इस क्राउड-सोर्सिंग एप से यूज़र्स पा सकते हैं अपने आस-पास की जानकारी
- वाणिज्य मंत्रालय के तहत आने वाले विदेश व्यापार महानिदेशालय ने कालीनों के शहर भदोही को दिया 'टाउन्स ऑफ एक्सपोर्ट एक्सीलेंस' टैग; इससे पहले 36 शहरों को मिल चुका है यह टैग
- टीम इंडिया के पूर्व ओपनर वसीम जाफर रणजी ट्रॉफी में 11 हज़ार से ज़्यादा रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी; रणजी ट्राफी में सबसे अधिक 37 शतक और 81 अर्धशतक भी हैं उनके नाम